भीमताल झील

चर्चा में क्यों?

नैनीताल ज़िला मुख्यालय के निकट वन में लगी भीषण वनाग्नि से निपटने के लिये राज्य सरकार ने भीमताल झील से जल लाने और प्रभावित वन क्षेत्रों पर छिड़काव करने के लिये **सेना के MI 17 हेलीकॉप्टरों** को तैनात किया।

मुख्य बिंदु:

- भीमताल झील उत्तराखंड राज्य में **नैनीताल ज़िले की सबसे बड़ी झील** है। यह **कुमाऊँ क्षेत्र की सबसे बड़ी झील** है, जिसे **"भारत का झील ज़िला"** कहा जाता है।
  - इसका नाम प्रसिद्ध महाकाव्य **महाभारत के दूसरे पांडव भीम** के नाम पर रखा गया है।
- यह एक **प्राकृतिक झील** है और इसकी उत्पत्ति का श्रेय **भू-पर्पटी के खिसकने के कारण उत्पन्न हुए कई भ्रंश** को दिया जाता है।
- इस झील का निर्माण वर्ष 1883 में **ब्रिटिश काल के दौरान** हुआ था और इस पर **एक चिनाई वाला बाँध** बनाया गया है।
- झील के चारों ओर समृद्ध वनस्पति और जैव पारिस्थितिकी तंत्र हैं साथ ही झील के चारों ओर पहाड़ी ढलानों पर **देवदार एवं ओक** के घने वन हैं।
  - सर्दियों के महीनों में यह **कई प्रवासी पक्षियों का आवास** होता है।
  - क्षेत्र में पाई जाने वाली प्रसिद्ध प्रजातियों में **बुलबुल, वॉल क्रीपर, एमराल्ड डव, ब्लैक ईगल** और **टॉनी फिश आउल** शामिल हैं।
- **झील के केंद्र में एक द्वीप** है जिसे एक **काँच वाटिका** के साथ पर्यटकों के आकर्षण के रूप में विकसित किया गया है।

//



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhimtal-lake-1